श्री रामजीलाल (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं रेलवे बजट 1997-98 की डिमांड फार ग्रांट्स, अनुदान की मांगों पर चर्चा करूंगा। रेल मंत्री जी, भारतीय रेल देश में परिवहन का एक प्रमुख साधन है। परिवहन का सुलभ साधन होने के कारण तथा लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेल विशेष रूप से उपयुक्त है। भारती रेलवे राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के विकास में अहम् भूमिका निभाती है। यह देश की महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी करती है। महोदया, रेल मंत्री जी ने जो रेल बजट रखा है उसमें मासिक, तिमाही व सीज़न टिकटों में वृद्धि नहीं की और प्लेटफार्म की टिकटों में वृद्धि नहीं की उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं और समर्थन भी करता हूं। शयनयान दर्जे में पांच प्रतिशत की वृद्धि, ऊंचे दर्जे का किराया 10 प्रतिशत बढ़ा है। मैं रेलवे मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि आज गरीब भी जो हमारा यात्री है वह सैकंड क्लास में जगह न मिलने के कारण दूसरी सीटें लेता है क्योंकि सैकंड क्लास में बड़ी भारी भीड़ रहती है, तो इसमें भी यह जो 5 परसेंट बढ़ाया है यह नहीं बढ़ाना चाहिए था। ऊंचे दर्ज़े का किराया 10 परसेंट बढ़ाया है। आवश्यक चीज़ों को मालभाड़े से मुक्त रखा है, वह बड़ा अच्छा किया। भाड़ा किराया एक अप्रैल से लागू होगा यह भी आपने आगे की बात कहीं और 1996-97 की रेल योजना 8300 करोड़ की पांचवें वेतन आयोग की सिफारिशों की वजह से भी सरकारी व्यय में भारी वृद्धि आपने बताया, उद्यमपुर, श्रीनगर, बारामुला लाइन के लिए 75 करोड़ रखे हैं और नई 12 गाड़ियां शुरू की जायेंगी यह आपने इसमें कहा है। महोदया, मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आपने वह तो 12 गाड़ियां चालू की हैं, मंत्री जी जरा ध्यान देने की कृपा करें, लेकिन पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के लिए एक भी नई गाड़ी आपने नहीं चलाई इसके लिए मुझे बड़ा भारी खेद है। पांच स्वर्ण जयन्ती रेल, गाड़ियां चलाने की घोषणा की। महोदया, मैं हरियाणा के हिसार जिले से आता हूं। हमारे रेल, की समस्या आज तक किसी रेल मंत्री ने नहीं सुनी है। मुझे आशा है कि रेल मंत्री जी आज इस बात पर ध्यान देंगे। हिसार जिला हरियाणा का सब से बड़ा जिला है। उस जिले में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी है, मेडिकल कालेज और इंजीनियरिंग कालेज है, इस जिले में देश का सब से बड़ा वेटर्नरी कॉलेज है, हिसार शहर से हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं है। हिसार से दिल्ली के लिए एक एक्सप्रैस गाड़ी को छोड़ कर कोई भी दूसरी गाड़ी यहां नहीं है। महोदया, मंत्री जी ने पिछले सैशन में हाउस के अन्दर एलान किया था कि 24554 रेलवे क्रॉसिंग बिना चौकीदार के हैं, पिछले वर्ष आपने सदन में एलान किया था कि देश में सारे रेलवे क्रॉसिनग्ज़ पर फाटक लगा दिए जायेंगे और चौकीदार रख दिए जायेंगे, लेकिन इस बजट में आपने क्या कहा है? आपने कहा है कि यदि हम इन सब को ठीक करना चाहें तो वित्तीय कठिनाइयों को देखते हुए यह रेलवे की सामर्थ्य से बाहर है। पिछले बजट सैशन में आपने एलान किया था कि बढ़ायेंगे और इस सैशन में आपने मजबूरी जाहिर की है। मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि आपके दो बयान कैसे हुए? इन पर बड़े भारी एक्सीडेंट होते हैं। जैसे मैंने पहले कहा कि हिसार हरियाणा का सब से बड़ा जिला है। आपने पीछे यह वायदा किया था कि हिसार, अग्रोहा, फतेहाबाद आदि में आपने सर्वे कराया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि जो हमने डिमांड की थी उसका आपने सर्वेक्षण कराया है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि सर्वेक्षण तो पहले काफी हुए पड़े हैं हमारे हरियाणा के, लेकिन क्या हम आशा कर सकते हैं कि अगले साल तक ये मंजूर होंगे और इस नौवीं पंचवर्षीय योजना में बन कर तैयार हो जायेंगी या कब चालू हो जायेगी? दूसरा हिसार से चंडीगढ़ जैसा मैंने कहा कि कोई गाड़ी नहीं है।

महोदया, मैंने पहले पार्लियामेंट में एक क्वेश्चन किया था। उस समय रेल मंत्री महोदय कहीं गए हुए थे। मुझे उत्तर में बताया गया है कि आप हिसार से जाखल, जाखल से धुरी, धुरी से अम्बाला और फिर चंडीगढ़ जा सकते हैं। यह जवाब दिया गया क्योंकि उन्हें पता नहीं

था कि कहां धुरी है और कहां अम्बाला है। यह तो 14 घंटे का रास्ता होता है जबकि सीधे जाने में 4 घंटे लगते हैं। इसलिए मैं आप से प्रार्थना करूंगा कि जिला हिसार से, उकलाणा से नरवाना तक सर्वे करवाया जाए ताकि हम हिसार वालों को भी हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ जाने के लिए एक गाड़ी मिल जाए। यह मेरी आप से प्रार्थना है।

महोदया, मेरी एक फौरी तौर से प्रार्थना है। एकता एक्सप्रैस भिवानी से कालका डेली जाती है और डेली आती है। मैंने रेलवे मंत्री जी से कंसल्टेटिव कमेटी की मीटिंग में प्रार्थना की थी कि वह गाड़ी भिवानी से हिसार तक बढ़ा दी जाये जोकि एक घंटे का रन है। यह गाड़ी हिसार वाया भिवानी, कालका और शाम को कालका से भिवानी और हिसार जाकर ठहरे। यह प्रबंध फौरी तौर पर हो सकता है। इस के लिए हिसार वाले हमेशा आप के आभारी रहेंगे।

महोदया, मेरे एक स्टार्ड क्वेश्चन नंबर 108 तारीख 28/2/97 के उत्तर में बताया गया था कि हिसार के रास्ते एक लंबी दूरी की रेलगाड़ी चलाए जाने का प्रस्ताव है और सुविधाओं के उपलब्ध होते ही वह गाड़ी चला दी जाएगी। महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं और सदन में आश्वासन लेना चाहता हूं कि यह गाड़ी कब तक चलाई जाएगी। आखिर उस में क्या रुकावट है? क्या ऐसी बातें हैं जोकि वहां के लिए कोई गाड़ी नहीं चलाई जा सकती? मुझे आशा ही वरन् पूर्ण विश्वास है कि आप हमारे शहर के लिए लंबी दूरी की गाड़ी अवश्य चलाएंगे।

महोदया, इस के अलावा जैसे मैंने कहा लंबी दूरी की दिल्ली से भटिंडा, फिरोजपुर चार गाड़ियां जाती हैं। पहली गाड़ी दैनिक एक्सप्रैस है, दिल्ली टू गंगानगर है जो कि 1.00 बजे दिल्ली से जाकर गंगानगर वाया रोहतक, जींद, जाखल, भटिंडा होकर जाती है। दूसरी 1.40 बजे है, नई दिल्ली से भटिंडा वाया पानीपत, अम्बाला है। तीसरी गाड़ी जनता एक्सप्रैस बंबई से फिरोजपुर है जोकि दिल्ली से 2 बजे चलती है। यह दिल्ली, रोहतक, जींद, जाखल, भटिंडा होकर फिरोजपुर जाती है और चौथी गाड़ी है नई दिल्ली टू गंगानगर दैनिक एक्सप्रैस। एक गाड़ी है उदान आभा एक्सप्रैस जोकि हावड़ा से गंगानगर जाती है। वह 8 बजे दिल्ली से चलती है। यह नई दिल्ली से, रोहतक, जींद, जाखल और भटिंडा होकर जाती है। एक गाड़ी है पंजाब मेल जोकि बंबई से फिरोजपुर जाती है। वह गाड़ी साढ़े 7 बजे चलती है और नई दिल्ली, जींद, जाखल, भटिंडा और फिरोजपुर जाती है। महोदया, इतनी गाड़िया हरियाणा से होकर जाती है फिर क्यों नहीं आप एक गाड़ी वाया हिसार, सिरसा कर देते। यह आप कर सकते हैं। यह मेरी आप से प्रार्थना है। इसलिए मैं यह डिटेल भी लाया हूं। इन गाड़ियों में से यदि एक गाड़ी लम्बी दूरी की और एक दिल्ली से गंगानगर कर दें तो सिरसा, हिसार कवर हो सकते हैं। मेरी मंत्री जी से प्रार्थना है कि आप इन में से लंबी दूरी की गाड़ी वहां के लिए जरूर चलाएंगे।

महोदया, मैं मंत्री जी से एक निवेदन और करना चाहूंगा कि अभी टिकट रिजर्वेशन का फैसला 4 घंटे पहले होता है जबकि हमारे यहां एक यात्री हिसार से आता है और एक सिरसा से या कालका से आता है। वह दिल्ली में इस भरोसे आता है कि रिजर्वेशन की बर्थ मिल जाएगी लेकिन यहां आने के बाद अगर बर्थ क्लिअर न हो तो उस को वापिस जाना पड़ता है। महोदया, मैं रेल मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि आप इस के लिए भी कुछ प्रबंध करिए कि रिजर्वेशन की सूचना उसे 10 घंटे या 12 घंटे पहले हो जाए। अब वह चाहे मेंबर ऑफ पार्लियामेंट हो या दूसरा यात्री हो, जैसा आप ठीक समझें, उस को यह पता चल जाए कि सीट मिलेगी या नहीं मिलेगी। ताकि इतनी दूर से आए यात्री वापस न जाएं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि अगर संभव हो तो इसमें कुछ सहूलियत करने की कृपा करें ताकि मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट का कोई फैमली मैम्बर हो या दूसरा हो, उसको असुविधा न हो। कोशिश तो आप करते हैं, क्लीयर भी होता हैं, लेकिन कुछ रह ही जाती हैं। इसलिए इसमें कुछ ऐसी व्यवस्था हो ताकि कुछ जल्दी जानकारी मिल जाए।

महोदया, पिछले साल भी मैंने संसद में अपनी यह मांग रखी थी कि हिसार में एक ओवर-ब्रिज हो। मैं वर्ष 1992 से यहां आया हूं और हमेशा इस पर बोलता रहा हूं। रेलवे मंत्री जी नोट करेंगे कि 24 घंटे में पौने 24 घंटे यहां फाटक बंद रहता है। हमारी यह डिमांड बहुत सालों से है कि ब्रिज होना चाहिए, चाहे ओवरब्रिज हो या अंडर ब्रिज हो। पिछले साल जून में जब यहां सेशन चल रहा था तो वहां के लोगों ने वहां पर धरना दिया 15 दिन तक, उसके बाद भूख हड़ताल शुरू की। आपके रेल अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया हमारे सामने, कि आपका यह पुल मंजूर हो चुका है, आपका पुल बनेगा। अब जब आपका बजट आया तो उसमें कोई मंजूरी नहीं दिखाई गई है। इसमें हिसार के लिए डबल फाटक जिसको बोलते है, देने के लिए आप देखें। मेरे पास आपका एक लेटर भी सितंबर, 1996 में आया

था। मेरे से भूल हो गई, वह मैंने अपनी स्टेट के मिनिस्टर को दे दिया। आपने उस लेटर में लिखा था कि यह पुल आपका मंजूर हो गया और यदि आपकी स्टेट गवर्नमेंट इसका हिस्सा जमा कराए तो हम बना देंगे। वह लेटर मैंने वहां दे दिया, जिसका अब पता नहीं चल रहा है। यह मंजूर है, मेरे पास लेटर भी आया तो शीघ्र ही यह पुल हिसार में बनवाने की कृपा करें।

श्री राम विलास पासवान: यह चिट्ठी आपको किससे आई थी?

श्री रामजीलाल: सेंटर गवर्नमेंट से आई थी, आपके यहां से।

श्री राम विलास पासवान: हम तो अभी भी कह रहे हैं कि स्टेट गवर्नमेंट का शेयर होता है 50 परसेंट, जो स्टेट गवर्नमेंट से मंगवा दीजिए।

श्री रामजीलाल: लेटर चाहिए आपका।

श्री राम विलास पासवान: पहले स्टेट गवर्नमेंट से आता है परपोजल।

श्री रामजीलाल: मेरे बोलने की वजह से यहां से लेटर गया था।

श्री राम विलास पासवान: आपके बोलने के कारण हमने भेज दिया होगा, लेकिन परपोजल आता है स्टेट से।

श्री रामजीलाल: महोदया, एक हमारे माननीय भजन लाल जी का गांव है, मंडी आदमपुर है, वहां पर सौ साल से पहले का स्टेशन बना हुआ है। जैसा उन्होंने बताया, दो-तीन साल पहले वहां आदमपुर स्टेशन मंजूर हुआ है। अब यदि मंजूर है तो इसको जल्दी बनवाने की कृपा करें। वहां आपकी ब्रोडगेज लाइन भी बन गई है, ट्रैफिक भी बड़ा भारी है। तो इस स्टेशन को बनवाने में देरी क्या है? टेण्डर करें और इसका काम शुरू करवाएं।

महोदया, जैसा मैंने आपसे पहले कहा, रेलवे क्रोसिंग का आपने एलान किया था। मेरी आपसे प्रार्थना है कि हमारे हिसार-सादुलपुर, जो हिसार से बीकानेर जाती है, वहां हिसार से 11 किलोमीटर पर पोल नंबर 9 और 10 पर गांव टेवा, मंगाली पर रेलवे क्रोसिंग है, जिस पर बड़े भारी एक्सीडेंट होते हैं। गांव का रास्ता है, आपके रेलवे वाले जो हैं वह फाटक बंद रखते हैं और लोग खोलकर के चले जाते हैं, जिससे एक्सीडेंट हो जाते हैं और नुकसान भी होता है।

श्री राम विलास पासवान: उसमें आदमी नहीं है, गेटमेन नहीं है?

श्री रामजी लाल: नहीं, कोई नहीं है। लोग खुद खोलकर चले जाते हैं।

श्री राम विलास पासवान: उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 24,000 हमारे क्रोसिंग हैं, जैसे मैंने पिछली बार भी कहा था कि हम इसमें रिसोर्सेज के अभाव में सभी जगह नहीं कर सकते, लेकिन जो माननीय सदस्य को सुझाव आएंगे कि यहां-यहां जरूरी मानते हैं तो उस पर हम इमेडिएट कार्यवाही करेंगे और उसको मेन-गेट बनवाने का काम करेंगे।

श्री रामजी लाल: सर, यह नोट करेंगे, जो मैंने बताया।

श्री राम विलास पासवान: नोट तो वह हो रहा है।

श्री रामजी लाल: मैडम, मैं कह रहा था, इस पर वाचमेन रखें और जो भी आपका कायदा हो उस के अनुसार बिल्डिंग बनवाकर इसको चालू करवाए।

मैडम, मैं माननीय रेल मंत्री जी से एक बार फिर यह निवेदन करूंगा कि हमारा देश 1947 में आजाद हुआ और इसके बाद से हरियाणा मे कोई नई रेलवे लाइन नहीं दी गई है। जब चौधरी बंसी लाल जी रेल मंत्री थे तब 25 किलोमीटर भिवानी से रोहतक एक लाइन जरूर बनवाई थी। इसके अलावा कोई नई रेलवे लाइन हरियाणा को नहीं मिली है, चाहे कांग्रेस का राज रहा हो, चाहे किसी दूसरी पार्टी का राज रहा हो। मैं अपनी आपत्ति सभी के लिए कर रहा हूं। मैं चाहूंगा कि रेल मंत्री जी कृपा करें और जैसा मैंने कहा चनेट के लिए, सिरसा के लिए, उसमें आप ध्यान दें। मीटरगेज से ब्रोडगेज तो हुआ है बहुत, मैं यह नहीं कहता कि नहीं हुआ। आपने किया है, पीछे भी यह काम हुआ है। मैं आपसे एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करने की कोशिश करूंगा कि हरियाणा देश का एक छोटा राज्य है और यही हरियाणा और पंजाब सबसे ज्यादा फूडग्रेन आपने नेशनल पूल को देते हैं।

आपको पता है, कुछ दिन पहले जब गंदम मंहगी हो गई तो बड़ा बवेला मचा। हाउस में बड़ा भारी बवेला हुआ। बाहर बड़ा बवेला हुआ और गंदम का इम्पोर्ट करना पड़ा। तो नेशनल पूल में जो स्टेट इतना अनाज देता हो, अनाज के बगैर हिन्दुस्तान का एक दिन भी गुजारा नहीं है, ऐसे स्टेट को तो एडजस्ट करना ही चाहिये और रेल के बारे में मैं अर्ज कर रहा था और मुझे पूरी उम्मीद है कि आप हरियाणा स्टेट के लिए जहां हमने रेल की डिमांड की है या फाटक की या नई गाड़ियों की डिमांड की है, मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि

आप हरियाणा की इन मांगों की ओर ध्यान देकर हमारी दिक्कतों को दूर करेंगे। आपने महंगाई तो कुछ की है, गरीब आदमी पर उसका असर तो पड़ता है, फिर भी मैं आपका समर्थन करता हूं। मुझे आशा ही नहीं, पूरा विश्वास है कि आप हमारी मांगों पर पूरा ध्यान देते हुए काम करेंगे।

महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया, उसके लिए बुहत-बहुत धन्यवाद। मुझे तो आखिर में कभी पांच-सात मिनट मिलते हैं, इस हिसाब से मैंने 15 मिनट ले लिए और अपनी बात कह सका, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद अदा करता हूं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): रामजी लाल जी, मुझे धन्यवाद देने की बजाए आप रेल मंत्री जी को धन्यवाद दीजिएगा क्योंकि वे बड़े ध्यान से आपके हर सुझाव को सुन रहे थे और अपने उत्तर में भी वे उसका जवाब देंगे।

श्री राम विलास पासवान: मैंने जयपुर से लेकर अमृतसर तक, मैंने जो प्रस्ताव में कहा था, जवाब में, वह जवाब नहीं आया उस दिन डिस्कशन के लिए, लेकिन मैंने कहा था कि विचाराधीन है। इसका मतलब है कि हम सोच रहे हैं कि जयपुर से लेकर हिसार-सिरसा के रास्ते से आपको कोई रेल सेवा हो जाए।

श्री रामजीलाल : हमें तो दिल्ली से दें जी। हमने जयपुर जाकर क्या करना है?

श्री राम विलास पासवान: रेलवे दोनों प्वाइंट देखता है। अपना प्वाइंट भी देखता है, आपका प्वाइंट भी देखता है। जयपुर दिल्ली से थोड़ा बीच का रास्ता है, दिल्ली से बहुत लोग जाते हैं जयपुर। हमारे सामने एक ही ऑप्शन है कि या तो हम दिल्ली से जोड़ें अमृतसर या फिर जयपुर से जोड़ें। इसलिए दो तो नहीं हो सकते, लेकिन एक पर हम विचार जरूर कर रहे हैं।

श्री रामजीलाल : सर, मैंने पांच गाड़ियां बताई।

श्री राम विलास पासवान: आपने जो वाया कहा है, वह वही रहेगा। थ्रू वही रहेगा, जो रास्ता आपने बतलाया है।

श्री रामजीलाल: मैंने पांच गाड़ियां बताई हैं, वाया जींद। वही गाड़ी भटिंडा होकर फिरोजपुर जाती है। वही गाड़ियां फिरोजपुर होकर जाती हैं जो हिसार से आई, सिरसा से होकर चली जाएंगी। आप कोई एक गाड़ी उसमें से चेंज कर दें, आपको और तो नहीं लगानी पड़ेगी।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): श्री रामदेव भंडारी।

श्री रामदेव भंडारी (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं रेल मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए रेल बजट का समर्थन और स्वागत करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदया, यह रेल, बजट आजादी के स्वर्ण जयंती वर्ष में लाया गया है इसलिए इस बजट का विशेष महत्व है। इस महान वर्ष में रेल मंत्री जी ने एक प्रगतिशील, संतुलित, क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने वाला, उत्तर -पूर्व एवम् उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों को मुख्य धारा से जोड़ने वाला, कश्मीर से कन्या कुमारी तक रेल मार्ग द्वारा देश को एक सूत्र में पिरोने वाला ऐतिहासिक बजट देशवासियों को अर्पित किया है। इस बजट की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। इस शानदार बजट और बजट पेश करने वाले जानदार मंत्री और उनके रेल राज्य मंत्री का मैं अपनी और अपनी पार्टी की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूं, अभिनन्दन करता हूं।

महोदया, भारत का खूबसूरत प्रदेश कश्मीर, जिसे देश का, धरती का स्वर्ग कहा जाता है, आजादी के 50 वर्षों के पश्चात् भी रेल के विकास के क्षेत्र में जहां का तहां रुका हुआ था, रेल मंत्री जी ने वहां रेल की परियोजनाएं चलाकर इस जन्नत को धरती पर उतारने का काम किया है। सरकार ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला लाइन के पहले चरण में उधमपुर और कटरा के लिए चालू वर्ष में 20 करोड़ की व्यवस्था की है और 1997-98 में इस लाइन के लिए ...(**व्यवधान**)...

श्री हेच० हनुमनतप्पा : आप तो बिहार के हैं।

श्री रामदेव भंडारी : आ रहा हूं, बिहार पर ही आ रहा हूं।

श्री राम विलास पासवान: अभी जम्मू-कश्मीर में हैं।

श्री रामदेव भंडारी: आ रहा हूं बिहार पर। तो मैं कह रहा था कि सरकार ने 1997-98 में इस लाइन के लिए 75 करोड़ का आबंटन किया है। जम्मू-उधमपुर परियोजना दिसम्बर, 1999 तक पूरी कर ली जाएगी।

महोदया, पूर्वोत्तर राज्य असम, मेघालय, मणीपुर, त्रिपुरा, नागालैंड वनों तथा पहाड़ों से भरे दुर्गम क्षेत्र हैं। रेल मंत्री जी का पद ग्रहण करने के बाद इन्होंने भारत के इन कटे हुए उपेक्षित एवं अपमानित क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया और प्रधानमंत्री जी के साथ उन क्षेत्रों का दौरा किया तथा कई रेल परियोजनाओं पर काम शुरू कराया। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

महोदया, उत्तराखंड में सहारनपुर-देहरादून-ऋषिकेश-कर्णप्रयाग, इन नई लाइनों के सर्वेक्षण का काम शुरू किया गया है। कोंकण रेलवे में 2 सुरंगों के बीच 500 मीटर का कार्य किया जाना है और रेल मंत्री जी ने स्वयं इसका निरीक्षण किया है।

महोदया, युनाइटेड फ्रंट सरकार की नीति यह है कि भारत के किसी भी क्षेत्र की उपेक्षित और अपमानित नहीं रहने दिया जाएगा और सभी क्षेत्रों का सम्यक विकास होगा। यह बात अवश्य है कि जिन क्षेत्रों में अभी तक काम नहीं हुआ है, जिन्हें उनका उचित हिस्सा नहीं मिला है, वह उन्हें पहले दिया जाएगा।

महोदया, अब मैं बिहार पर आ रहा हूं। कभी-कभी यह बात सुनाई पड़ती है कि यह बिहार रेल बजट है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि बिहार ने देश को सबसे अधिक रेल मंत्री दिए हैं। मगर बिहार के लोग कितने उदार होते हैं, यह इस बात से साबित होता है कि उन रेल मंत्रियों ने दानवीर कर्ण की तरह सब कुछ दूसरों के लिए न्योछावर कर दिया। महोदया, मैं बिहार और नेपाल की सीमा पर रहता हूं। आप विश्वास नहीं करेंगी कि जब तक स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र, जो भूतपूर्व रेल मंत्री थे, उन्होंने झंझारपुर लौकहा रेल लाइन का निर्माण नहीं कराया था, तब तक हजारों की संख्या में सीमावर्ती कई दर्जन गांवों के गरीब लोगों ने रेल नहीं देखी थी, उस पर सफर करने की बात तो छोड़ दीजिए। आज भी उस क्षेत्र के लोग इस रेल लाइन के लिए उन्हें याद करते हैं।

महोदया, सकरी-हसनपुर रेल लाइन बनने की चर्चा स्वर्गीय मिश्र जी के समय में हुई थी। उसे बनाने के लिए लगातार मांग हो रही थी। जब रेल मंत्री जी ने बिहार के सांसदों की पहली बैठक बुलाई थी तो मैंने उस रेल लाइन को बनाने का उनसे अनुरोध किया था। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं कि अब यह रेल लाइन बनने जा रही है। जब इस रेल लाइन पर गाड़ी चलेगी तो हजारों गरीब लोग पहली बार रेलगाड़ी को देखेंगे। महोदया, समस्तीपुर से दरभंगा तक सिर्फ 26 किलोमीटर बड़ी लाइन बनाने में तकरीबन दो दर्जन वर्ष लग गए। मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, इन जिलों की बड़ी आबादी छोटी लाइन पर है जिसका कोई औचित्य नहीं है। दरभंगा से जयनगर तक बड़ी लाइन बनाने का प्रस्ताव है। सकरी के बाद निर्मली तक की बहुत कम दूरी बड़ी लाइन से वंचित रह जाती है। मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस वर्ष सकरी-निर्मली तथा झंझारपुर-लौकहा को भी बड़ी लाइन बनाने की योजना में शामिल किया जाए। पिछले वर्ष जब मैं रेल बजट पर बोल रहा था, तब भी मैंने इस सवाल को उठाया था और मंत्री जी ने इसका सर्वेक्षण कराने की बात कही थी। संभवतः इसका सर्वेक्षण हो चुका है। मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि इस वर्ष इसका निर्माण कराएं।

महोदया, निर्मली से सुपौल पैदल चलकर धीरे-धीरे दो घंटे में जाया जा सकता है। रेलगाड़ी से जाने में 15 घंटे लगते हैं, ऊपर से किराया अलग। पिछली बार रेल बजट पर बोलते हुए मैंने इस रेल लाइन को बनाने का सवाल उठाया था परंतु संभवतः वित्त की कमी की वजह से इस पर काम नहीं हो सका। मैं इस बार मानने वाला नहीं हूं। मैं रेल मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वे इसका निर्माण कराएं। महोदया, मैं रेल मंत्री जी से प्रर्थाना करता हूं कि नेपाल से निकलने वाली कोशी, कमला नदियों से पीड़ित इस रेल लाइन को बिछाकर हमारी उसी तरह रक्षा की जाए जैसे श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पहाड़ उठाकर मथुरावासियों की रक्षा की थी। मुझे आशा है कि इस बार रेल मंत्री महोदय मुझे निराश नहीं करेंगे।

महोदया, इस बार इंटर-सिटी कमला एक्सप्रैस चलाकर उत्तर बिहार की बड़ी आबादी को राजधानी पटना से सीधा जोड़ दिया है मगर निर्मली तथा जयनगर से आने तथा जाने वाले यात्रियों के लिए इस ट्रेन के साथ अच्छा कनेक्शन नहीं है। आप ऐसी व्यवस्था कीजिए कि इस ट्रेन का निर्मली तथा जयनगर से आने-जाने वाले यात्रियों से अच्छा कनेक्शन हो जाए। इस ट्रेन के लिए मैं उस क्षेत्र की जनता की ओर से आपको हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

आपने दरभंगा से दिल्ली, कलकत्ता के लिए गाड़ी देकर गरीब मजदूरों का बड़ा उपकार किया है। दूसरे बड़े शहरों के लिए भी दरभंगा से गाड़ी चलाइए क्योंकि हजारों की संख्या में गरीब मजदूर प्रतिदिन यहां से बड़े-बड़े शहरों में जाते हैं। बस वाले उन्हें बहुत परेशान करते रहते हैं। आपने गंगा पर रेल पुल बनाने की योजना लेकर उत्तरी तथा दक्षिणी बिहार को और करीब ला दिया है। आपने लम्बे अरसे से चली आ रही जोनल कार्यालय की मांग को हाजीपुर में बनाकर पूरा किया है। आपने रेल प्रशासन के विकेन्द्रीकरण के लिए कई और रेलवे जोन भी बनाए हैं। गरीबों के प्रति आपकी हमदर्दी इस बात से साबित होती है कि संसाधन की कमी रहने के बावजूद भी आपने साधारण दर्जे के भाड़े में बढ़ोत्तरी नहीं की। सीजन टिकटधारी, छोटे व्यवसायी, छोटी आय के लोगों का भाड़ा नहीं बढ़ाया। गरीबों की पीड़ा और दर्द को समझा है। क्योंकि आप गांव गरीब से चलकर यहां पहुंचे हैं। लगभग 90 प्रतिशत इसी तबके के लोग रेल में सफर करते हैं। आपने आवश्यक वस्तुओं का माल भाड़ा भी

नहीं बढ़ाया है। आपने एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी० को उनका हिस्सा देने के लिए मंडल कमीशन की सिफारिश को लागू करने का काम किया है। एस०सी०, एस०टी०, ओ०बी०सी० की भर्ती नहीं होने की वजह से जो बैकलॉग हो गया था उसे भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया है। आपने रेलवे भर्ती बोर्डों में एस०सी०, एस०टी०, ओ०बी०सी० एवं माइनोरिटी को स्थान देकर देश की एक बड़ी आबादी को उनके हक और हुकूक दिलाने का काम किया है। जी०एम०, डी०आर०एम० तथा रेलवे के उच्च पदों पर भी एस०सी०, एस०टी० और ओ०बी०सी को रखिए। इन्हें अवसर मिलना चाहिये जिससे उन्हें भी लगे कि यह देश मुट्ठी भर लोगों का ही नहीं बल्कि बहुसंख्यक लोगों का है। दैनिक मजदूरों को नियमित करने का आपका फैसला भी बहुत क्रांतिकारी है। 16 हजार को नियमित किया जा चुका है। 1997 के अंत तक 30 हजार तथा मार्च, 98 तक 56 हजार केज्युअल लेबर को आप नियमित करने जा रहे हैं। एक बात कहना चाहूंगा कि रेल लाइन बनने में जिनकी जमीन ली जाती है उसे नौकरी दी जाए। उस कठिन परिस्थिति में जो लोग काम करते हैं उसे भी नौकरी पर लगाया जाए। अभी मैं आपको कह रहा हूं कि लोकहा-झंझारपुर रेल लाइन बने कई वर्ष हो गए। आज तक उसमें से न तो जमीन वालों को और न काम करने वालों को नौकरी मिली है।

अब मैं एक बात की चर्चा करना चाहूंगा जिसकी चर्चा सदन के कई माननीय सदस्य बार-बार करते हैं—बिहार की ट्रेन में संगीन अपराध बढ़ने के सम्बन्ध में। मेरी जानकारी के अनुसार एक समाचार एजेंसी ने पिछले वर्ष का रिकार्ड दिया है जिसके अनुसार मैं बता रहा हूं कि महाराष्ट्र में 1920 है, यू०पी० में 1843, वैस्ट बंगाल में 665 और बिहार में 584 है। यह संगीन अपराधों का रिकार्ड है महोदया, ट्रेन का। पिछले कुछ दिनों से कुछ संगीन घटनाएं हुई हैं। मगर इसके पीछे एक बहुत बड़ी साजिश है। इस समय बिहार में दो बड़ी हस्तियां श्री लालू प्रसाद यादव, मुख्य मंत्री और श्री राम विलास पासवान, रेल मंत्री हैं। श्री लालू प्रसाद एक गरीब, पिछड़ा किसान का बेटा है जो बिहार की सबसे बड़ी कुर्सी पर बैठा है और श्री राम विलास पासवान दलित का बेटा है जो दिल्ली में रेल मंत्री बनकर बैठा हुआ है।

प्रो० राम बख्श सिंह वर्मा: यह देश की बड़ी हस्ती नहीं है।

श्री रामदेव भंडारी : आप पहले सुनिए तो। गरीबों की बात होती है तो आपको बुरा क्यों लगता है।...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): चलिए, भंडारी जी, बोलिए।

श्री रामदेव भंडारी: यह बात सामन्ती और प्रतिक्रियावादी तत्वों के गले से नीचे नहीं जा रही है और दोनों को बदनाम करने के लिए साजिश के तहत यह घटनाएं हो रही हैं। यह घटनाएं उसी क्षेत्र में हो रही हैं जहां सामन्ती मानसिकता के लोग रहते हैं और जिन्होंने हमेशा गरीबों का वोट लूटकर सत्ता पर कब्जा कर रखा है, उसी क्षेत्र में महोदया, यह घटनाएं हो रही हैं। आज वे सत्ता से बाहर रहकर ईर्ष्या और जलन की आग में जल रहे हैं। उन्हें बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है कि एक गरीब पिछड़ा का बेटा मुख्य मंत्री और एक दलित का बेटा रेल मंत्री बन जाए। यह उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यह सब कुछ कुत्सित राजनीति से योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है। सामाजिक न्याय की ताकत जो मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव और रेल मंत्री श्री पासवान जी के नेतृत्व में बनी है उसे सामंती, प्रतिक्रियावादी तथा सम्प्रदायवादी ताकतें कमजोर करना चाहती हैं। मगर मैं कहता हूं महोदया, कि गरीबों, दलितों, अकलियतों ने सामाजिक न्याय की ताकत को इतना मजबूत कर दिया है कि उसे तोड़ना तो क्या हिलाना भी मुश्किल है। फिर भी रेल मंत्री ने इस समस्या पर विचार के लिए मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन बुलाया है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। महोदया, बिहार में जी०आर०पी० के रैंक एंड फाईल में बहुत भारी परिवर्तन किया है जिससे कि अपराधों में सुधार हो।

अंत में, मैंने पिछले बजट में बोलते हुए कहा था कि सीनियर सिटिजन को जैसे हवाई जहाज में 50 परसेंट कंसेशन मिलता है उसी तरह रेलवे में भी 50 परसेंट कंसेशन मिलना चाहिये।

आपको सभी डिब्बों में उनको कंसेशन देना चाहिए, ए०सी० में भी कंसेशन देना चाहिए। इस बार भी मेरे पास दर्जनों चिट्ठियां आई हैं इस संबंध में। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इन्हें दूसरे दर्जे से लेकर सभी दर्जों में छूट दें।

महोदया, अब मैं रेलवे में यात्रियों की सुविधाओं के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। महोदया, अभी भी रेल में यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने का बहुत स्कोप है। हम राजधानी एक्सप्रैस में चलते हैं, वहां कभी-कभी पानी नहीं मिलता। तकिया इतना छोटा है कि उस पर बच्चा भी सिर नहीं रख सकता। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अभी भी इतना स्कोप है कि आप रेलवे में सुविधाएं बढ़ा सकते हैं।

महोदया, अंत में एक बात मैं जोनल और डिवीजनल कमेटियों के बारे में कहना चाहता हूं। अगर जोनल और डिवीजनल कमेटियों को मजबूत किया जाए और 3 महीने पर उनकी बैठकें की जाएं तो ये समस्याएं उसी स्तर पर खत्म हो जाएंगी। इसलिए मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि जहां-जहां भी जोनल और डिवीजनल कमेटियां बनाना बाकी है, वहां वे कमेटियां बना दी जाएं और 3 महीने में कम से कम एक मीटिंग उनकी अवश्य करनी चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं एक बार पुनः रेल मंत्री जी को और रेल राज्य मंत्री जी को एक ऐतिहासिक रेल बजट लाने के लिए धन्यवाद देता हूं और इस बजट का पुरजोर समर्थन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, यह बजट माननीय रेल मंत्री जी का दूसरा बजट है, यह थोड़ा महंगाई बढ़ाने वाला जरूर है पर संतुलित भी है। श्री भंडारी ने बहुत सी अच्छी बातें इस बजट की बताई हैं। मैं भी इब्तिदा तारीफ से करूंगा, प्रशंसा से करूंगा। एक-दो बातें जो रेल मंत्री ने अपने कार्यकाल में दिशा के रूप में तय की है, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं और बधाई भी देना चाहता हूं। उन्होंने कुछ ऐसे काम किए हैं जो बुनियादी परिवर्तन की तरफ परिलक्षित करते हैं। आपने पिछड़े इलाकों में रेल सुविधाओं के विस्तार को जो सर्वोच्च प्राथमिकता दी है वह रेलवे प्रशासन को सही दिशा में ले जाने वाला कदम है। इसी तरह से आपने जो कैजुअल इम्प्लॉयीज़ को रेगुलराइज़ करने का निर्णय लिया है और यह कहा कि इस वित्त वर्ष के अंत से पहले ही उनका रेगुलराइजेशन हो जाएगा, उससे यह लगता है कि पहली बार रेलवे प्रशासन में जो आपका चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है, जो पोर्टर है, जो ठेले वाला है, उन सबको यह लगने लगा है कि रेल सेवा में उनकी बड़ी व्यापक भागीदारी है। आपने कांट्रेक्ट लेबर को समाप्त करने का जो क्रांतिकारी फैसला किया है, वह भी स्तुत्य है। उसकी भी मैं तारीफ करता हूं। इसी तरह जो अनुसूचित-जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षण का एक बहुत बड़ा बैकलॉग था, उसे पूरा करने के लिह आपने रेलवे प्रशासन में जो विशेष भर्ती अभियान चलाने की बात कही है, जिसमें आपने यह कहा है कि 17,000 लोगों को नई नियुक्तियां दी जाएंगी और 16,000 ऐसे कर्मचारी जो अभी तक नियमित नहीं हैं, वे नियमित किए जाएंगे, इस कदम की भी मैं सराहना करता हूं।

महोदया, अब जो एक नई ट्रेन रेल मंत्री जी ने चलाई है नागपुर से लेकर बोधगया तक, उसका बड़ा ही भावनात्मक महत्व है। उसके लिए मैं रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

श्री राम विलास पासवान: नाम भी उसका है "दीक्षा भूमि"।

श्री अजीत जोगी: इसीलिए मैंने कहा कि "दीक्षा भूमि" के नाम से जो रेलगाड़ी नागपुर से बोधगया के बीच चलाई जा रही है, भारत के दलितों के लिए वह सम्मान का प्रतीक है। उसके लिए मैं आपको धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं।

महोदया, स्वर्ण जयंती के अवसर पर जो निचले दर्जे के कर्मचारियों को आपने नयी वर्दी पहनाने की बात कही है, वह भी काबिले तारीफ है। ऐक्रेडिटेड जर्नलिस्ट्स को जो विशेष सुविधा आपने बढ़ाई है, उसकी भी तारीफ करनी पड़ेगी। इतनी तारीफ मैंने इसलिए कर दी है ताकि जो बातें अब मैं कहना चाह रहा हूं, जो मांग मैं आपसे करना चाहता हूं, आप जरूर उस पर ध्यान दें।

श्री अजीत जोगी (क्रमागत): एक और बात जो तारीफ के रूप में ही करनी चाहिए वह यह है कि पिछले चार सालों से गेज परिवर्तन को बहुत ज्यादा रेखांकित किया गया था और सारा ध्यान उसी तरफ दिया जा रहा था। इसलिए जिन स्थानों में पहले से रेल विस्तार था, केवल उन्हीं स्थानों पर रेल सुविधाएं बढ़ायी जा रही थीं। अब आपने उसे हटाकर यूनीगेज जो पहले 1021 करोड़ था वह इस बार आपने उसे कम करके 996 करोड़ किया है और जो राशि उपलब्ध हो रही है, उसे पिछड़े इलाकों में रेल सेवा के विस्तार के लिए आप खर्च करने जा रहे हैं। वह एक अच्छी पहल है और उसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद देता हूं क्योंकि बड़ी तादात में गेज कनवर्शन हो चुका है। 4000 किलोमीटर तक गेज कनवर्शन हो चुका है।

श्री राम विलास पासवान: जोगी जी, नयी रेलवे लाइन में पहली बार हिन्दुस्तान के इतिहास में चार सौ करोड़ रुपये रखे गये हैं, आज तक ज्यादा से ज्यादा 210 करोड़ रखे गये।

श्री अजीत जोगी: वही तो मैंने कहा। मैंने इसीलिए आपको धन्यवाद दिया। पर एक बात की ओर—जो सभी लोग कह रहे हैं—मैं भी आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जो अर्थशास्त्र से संबंधित लोग है, वह विस्तार से इस पर बोलेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि इस बजट से मुद्रास्फीति अवश्य होगी, इनफ्लेशन जरूर होगा। माल भाड़े में भी आपने 12 प्रतिशत की वृद्धि की है। सात महीने पहले आपने उसको दस प्रतिशत बढ़ाया

इस प्रकार 22 प्रतिशत की जो वृद्धि माल भाड़े पर होगी उससे कोयले पर क्या असर होगा, पैट्रोल पर क्या असर होगा, डीजल पर क्या असर होगा, बिजली पर क्या असर होगा। It will have a cascading effect on prices.

श्री राम विलास पासवान: आप कोई रास्ता बताइए। ..(**व्यवधान**)..

श्री अजीत जोगी: इसी तरह से उच्च श्रेणी में 10 प्रतिशत, स्लीपर में पांच प्रतिशत...(**व्यवधान**)..

श्री एच० हनुमनतप्पा: परसों, मंडे अनाउंस करेंगे। ..(**व्यवधान**)..

श्री राम विलास पासवान: नहीं। आपको हम बताते हैं कि जब पैट्रोल का दाम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है तो पैट्रोल की सबसे ज्यादा खपत, 50 प्रतिशत खपत रेलवे में होती है। जब पैट्रोल के दाम बढ़ जाएं, जब डेवलपमेंट का काम शुरू हो जाए—मैंने कापसे साहब से भी सुझाव मांगा था और उन्होंने एक ही सुझाव दिया कि अपनी जमीन को आप यूटीलाइज़ कीजिए या बेच दीजिए, यही एक सुझाव उन्होंने दिया था। दूसरा, डेवलपमेंट प्रोजेक्ट रुका हुआ है। डेवलपमेंट भी करना है तो रेलवे के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि हम अपने इंटरनल रिसोर्सिस से डेवलपमेंट कर सकें। बजटरी सपोर्ट के संबंध में मैं देख रहा हूं कि मनमोहन सिंह जी ने कहा कि बजटरी सपोर्ट बंद कर देना चाहिए जब कि उन्होंने अपने समय में सबसे ज्यादा बजटरी सपोर्ट दिया है।

श्री एच० हनुमनतप्पा: आपको ज्यादा मिला है।

श्री राम विलास पासवान: ज्यादा नहीं मिला है। लेकिन ट्रेंड जरूर चेंज हुआ है। जो ट्रैंड नीचे आ रहा था वह तुरंत 15 से 20 प्रतिशत पर जा रहा है। सपोज़ करो कि डेवलपमेंट का काम करना है तो थोड़ा बोझा तो सहन करना पड़ेगा, थोड़ा भार सहन करना पड़ेगा और जो लोग भार को सहन कर सकते हैं—सैकेंड क्लास में आप बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं, फर्स्ट क्लास में भी जितना हो गया है, उतना ही हो—तो कहां से पैसा लाया जाए उसे जरा बताइए, आप तो आई०ए०एस० आफिसर रहे हैं।

SHRI R.K. KUMAR: If we compare it with other countries, India is still cheaper.

श्री अजीत जोगी: मैंने प्रारम्भ में ही कहा कि मैं इस बात को पूरी तरह से देख रहा हूं कि बड़ी प्रतिकूल परिस्थितियों में आपने यह बजट बनाया है। राजनीतिक परिस्थिति आपके अनुकूल नहीं रही, आर्थिक परिस्थिति आपके अनुकूल नहीं रही पर जो समस्या आपने रखी है, इस समस्या पर विस्तार से सुझाव दिये जा सकते हैं। सदन में मैं इस पर ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा क्योंकि मैं अपनी बातें, अपने इलाके की बातें भी कहना चाहता हूं। मैं आपका ध्यान केवल समग्र रूप से इस बात की ओर ले जाना चाहता हूं कि पर्दे के पीछे से एक बहुत बड़ी मुद्रास्फीति हम लोगों के सामने आने वाली है। आज देश में आठ प्रतिशत रेट आफ इनफ्लेशन, मुद्रास्फीति की दर है। यह कहा जाता है, ऐसा विशेषज्ञों ने कहा है कि जिस देश में, जिस कौम में, जिस मुल्क में मुद्रास्फीति 12 प्रतिशत पार कर जाती है, वहां इन्कलाब होता है, क्रान्ति होती है, मौलिक परिवर्तन होता है और वहां की जनता संतुष्ट होकर नहीं रह सकती है। विशेषज्ञों ने यह गणना करके बताया है कि जिस तरह से आपने दरें बढ़ायी हैं, उससे कम से कम तीन प्रतिशत मुद्रास्फीति बढ़ेगी। तो आठ प्रतिशत से 11 प्रतिशत की मुद्रास्फीति तो बिल्कुल निश्चित है कि होगी। इसकी तरफ समग्र रूप से हम सबको विचार करना पड़ेगा। आप केवल रेलवे मंत्रालय के रूप में न सोचें, पूरे भारत के रूप में सोचें, भारत सरकार के रूप में सोचें कि इतना बड़ा मुद्रास्फीति का भार यह देश सहन करने के लिए आज तैयार नहीं है। मैं केवल सावधानी के रूप में आपका ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाह रहा हूं क्योंकि अभी आप जब फिफ्थ पे कमीशन लागू करेंगे तो पैंतीस सौ करोड़ रुपये का भार है वह भार भी आपके ऊपर आने वाला है।

श्री राम विलास पासवान: वह अलग रख दिया है।

श्री अजीत जोगी: लोगों ने गणना कर के बताया है कि कोयले का भाव 45 पैसे प्रति टन बढ़ जायेगा, पेट्रोल का भाव 9 से 10 पैसे प्रति लीटर अपने आप बढ़ जायेगा, डीजल का भाव 15 पैसे प्रति लीटर बढ़ जायेगा, बिजली की कीमत 5 से 8 पैसे प्रति यूनिट बढ़ जायेगी और आपने रेलवे के भाड़े में जो वृद्धि की है उससे मुद्रास्फीति बढ़ने वाली है इसलिए इस पर भी गम्भीरता से विचार करना चाहिए। आपने जो सुझाव मांगे हैं, उनके संबंध में मैं कभी आपके चेम्बर में बैठूंगा और जो मेरे दिमाग में बातें हैं उन्हें आपसे जरूर कहूंगा... (**व्यवधान**)... मैं पहले अपने प्रदेश की बात कर लूं और अपने इलाके की बात कर लूं।

मैं अब आपका ध्यान मध्य प्रदेश की तरफ और जिस इलाके से मैं आता हूं उस तरफ ले जाना चाहता

हूं। मुझे यह कहना तो नहीं चाहिए पर कहना आवश्यक हो गया है। इसलिए कह रहा हूं कि इस रेल बजट ने संघीय दावा जो यह सरकार कर रही है उसकी कलाई खोल दी है। जो आपका पिछड़ा है वह तो पिछड़ा है पर जो पिछड़ा आपका नहीं है वह पिछड़ा नहीं है। मध्य प्रदेश में चूंकि आपकी सरकार नहीं है इसलिए वह पिछड़ा नहीं है। बिहार और कर्नाटक में आपकी सरकार है इसलिए वह पिछड़ा जरूर है। अगर आप कहें तो मैं संक्षेप में आकड़े दे दूं। आपने आन्ध्र प्रदेश को 210 करोड़, असम और उत्तर-पूर्व को 294 करोड़, बिहार को 273 करोड़, जम्मू और काश्मीर को 104 करोड़, कर्नाटक को 240 करोड़, तमिलनाडु को 202 करोड़ और मध्य प्रदेश जो कि हिन्दुस्तान का क्षेत्रफल में सबसे बड़ा प्रदेश है उसको 63 करोड़, गुजरात को 35 करोड़, हरियाणा को 11 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 5 करोड़, पंजाब को 21 करोड़ और उत्तर प्रदेश को जो कि जनसंख्या में देश का सबसे बड़ा प्रदेश है और जहां से आपके एम० ओ० एस० आते हैं उसको केवल 47 करोड़ रुपये दिये हैं। यह बड़ी भारी असमानता है और मध्य प्रदेश जैसे राज्य के साथ तो बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। मध्य प्रदेश को केवल 63 करोड़ रुपये देना तो उसके साथ एक बहुत बड़ी ज्यादती है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, रेलवे ने मध्य प्रदेश को रेल प्रशासन के नाम से कुछ भी नहीं दिया है चूंकि मध्य प्रदेश देश के बीच में स्थित है। अगर आपको दिल्ली से मद्रास जाना है तो मध्य प्रदेश पार करना पड़ेगा, दिल्ली से मुम्बई जाना है तो मध्य प्रदेश पार करना पड़ेगा, मुम्बई से कलकत्ता जाना है तो मध्य प्रदेश पार करना पड़ेगा।...(**व्यवधान**)...

श्री एच० हनुमनतप्पा: दिल्ली से साउथ में सारी गाड़ियां देते है और आपने कहा कि कर्णाटक और बिहार को ज्यादा रुपया दे दिया है लेकिन उसका सारा फायदा तो मध्य प्रदेश को मिल जाता है।...(**व्यवधान**)...

श्री अजीत जोगी: यही मैं बता रहा हूं कि मध्य प्रदेश को लाभ तो "बाई-द-वे" हो रहा है। अगर मुम्बई से कलकत्ता कोई जायेगा तो वह हवा में उड़कर तो जा नहीं सकता इसलिए वह मध्य प्रदेश से होकर ही जायेगा। बस्तर हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा जिला है लेकिन बस्तर में रेलवे लाइन नहीं है, सरभुजा हिन्दुस्तान का दूसरा सबसे बड़ा जिला है वहां कोई रेलवे लाइन नहीं है। आप हमारे नाम से रेल चलाते हैं। जिस इलाके से मैं आता हूं उस रेल का नाम है छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस वह हिन्दुस्तान के हर प्रदेश से चलती है पर छत्तीसगढ़ में नहीं चलती है। उसका नाम जरूर छत्तीसगढ़ है लेकिन वह चलेगी पंजाब में, वह चलेगी दिल्ली में, वह चलेगी उत्तर प्रदेश में, वह चलेगी राजस्थान में, वह चलेगी महाराष्ट्र में और मध्य प्रदेश के मात्र चार जिलों से होकर जाती है पर हमको खुश करने के लिए नाम छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रख दिया है।

श्री राम विलास पासवान: एक मिनट आप रुकेंगे। उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं बोलना तो नहीं चाहता था लेकिन माननीय सदस्य से निवेदन करना चाहता हूं कि आप हमको प्रोजेक्ट बतलाइये। उत्तर प्रदेश के जितने साथी मुझ से कहते है तो मैं सबसे पूछता हूं कि आप रुपया पर क्यों जाते हो कि तीन करोड़ मिले या तीन सौ करोड़ मिले, आप कौन सा प्रोजेक्ट चाहते हो जो प्रोजेक्ट इम्पोर्टेन्ट है जिसको हमने जोड़ने का काम नहीं किया है, चाहे वह आगरा, मथुरा से हो, कासगंज होते हुए कानपुर का हो या कासगंज से बरेली का हो। कि उसी तरीके से मैं समझता हूं कि इतने बड़े रेल बजट में हमने ललितपुर से सिंगरोली का लिया है, 627 किलोमीटर लम्बा मध्य प्रदेश का इलाका चीरते हुए।

श्री अजीत जोगी: उसके लिए तो आपको उमा भारती ने धन्यवाद दिया है।

श्री राम विलास पासवान: उमा भारती ने धन्यवाद दिया है तो इसका मतलब है 627 किलोमीटर इलाका उनका नहीं है। इसलिए मैं आपको दावे के साथ कहता हूं कि यदि राम विलास पासवान रेल मंत्री नहीं रहता तो यह सात जन्म में बनने वाला नहीं था। महोदया, आप जानती हैं कि अहमद नगर, बीड, बरेली, बैजनाथ के मामले कितने लड़-झगड़ कर तय किये हैं। बीड को जाते हैं कि वह कितना बैकवर्ड इलाका है। मुम्बई से आने वाले प्रो० राम कापसे यहां बैठे हैं ये जानते हैं कि मुम्बई में सब-अर्बन में 50 परसेंट पैसेंजर्स चलते हैं लेकिन मुमबई ही महाराष्ट्र नहीं है। मुम्बई के विदर्भ एरिया या मराठवाड़ा एरिया में आप चले जाइये, आप पायेंगे कि रेलवे के मामले में वह बिल्कुल बैकवर्ड एरिया है जो कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर से जुड़ा हुआ नहीं है, हमने लड़-झगड़कर इसको जुड़वाने का काम किया। इस बार के बजट में हमने कुछ प्रोजेक्ट्स को जुड़वाने का काम भी किया है। इसलिए मैंने यह कहा है कि सीमित साधनों के बावजूद भी आप बतलाइये कि आपके कौन से प्रोजेक्ट्स हैं जिनको पैसों की जरूरत है और पैसे नहीं दिये जा रहे हैं। यदि आप रेल मंत्री को बोलते हैं और पैसा नहीं दिया जाता है तो तब हम रेस्पान्सीबल हो सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): मंत्री जी जो आपने विदर्भ से नागपुर के लिए नई ट्रेन चलाई है उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अजीत जोगी: इसे मंत्री जी कृपया नोट कर लें।

श्री राम विलास पासवान: हमने रीवा से सतना के बीच बिना घोषणा किए ट्रेन चला दी, हम वहां उद्घाटन के लिए गये भी नहीं थे।

श्री अजीत जोगी: आपने प्रोजेक्ट की बात की और चूंकि समय कम है इसलिए मैं केवल यह कह दूं कि जिन लाइनों को आपने स्वीकृत किया है परन्तु पैसे कुछ नहीं दिये हैं दिल्ली-राजहरा से जगदलपुर रेलवे लाइन बननी है। अगर यह रेलवे लाइन नहीं बनेगी तो भिलाई स्टील प्लान्ट एक या डेढ़ साल में बन्द हो जायेगा। जो लोहे की खदान दिल्ली राजहरा में है वहां लोहे का अयस्क समाप्त हो रहा है, अब बस्तर से ही लाना पड़ेगा। इस रेल लाइन को आपने कोई पैसा नहीं दिया। इन्दौर से दाहोद रेलवे लाइन जब पी०सी० सेठी मंत्री थे तब से स्वीकृत है उसको कोई पैसा नहीं दिया गया है। हमारी मांग है कि एक हमारा जिला हैडक्वार्टर अंबिकापुर छत्तीसगढ़ का है.....।

श्री राम विलास पासवान: देखिये आपको मालूम ही है कि दिल्ली राजहरा का मामला स्टील मिनिस्ट्री, रेलवे मिनिस्ट्री और मध्य प्रदेश सरकार तीनों का ज्वाइंट है।

श्री अजीत जोगी: मैं अभी कुछ प्रस्ताव बोल रहा हूं, इनको कृपया आप नोट कर लें। मैंने शुरू में आपकी तारीफ इसीलिए की थी कि कुछ तो दीजिये मध्य प्रदेश को। आपने काबिले तारीफ काम किया, मैंने इबतदा तारीफ से की।

श्री राम विलास पासवान: हम तो चाहते हैं, मेरे पास अपने आंकड़े हैं।

श्री अजीत जोगी: इन्दौर से दाहौद, विश्रामपुर से अंबिकापुर, बिलासपुर से मंडला व जबलपुर जो पूरा आदिवासी इलाका है, यह किसी और रेलवे लाइन के रास्ते में नहीं आता, इसलिए छूटा हुआ है। कोरबा-जसपुर से रांची ये पूरा आदिवासी इलाका छूटा हुआ है जो अब आतंकवादियों की चपेट में आ गया है। इन पर अगर आप पैसा देंगे तो हम आपके बहुत धन्यवादी होंगे। पांच मिनट बचे हैं इसलिए आपसे एक बहुत अहम बात कहना चाहता हूं जिसके लिए हम पूरे मध्य प्रदेश के सांसद कई बार आपसे मिल चुके हैं और जो अब हमारी भावनाओं से जुड़ी हुई बात है वह है बिलासपुर में रेलवे जोन। बिलासपुर मेरा गृह नगर है और इसके लिए हम लोग बहुत वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। इसके बारे में थोड़े से आंकड़े मैं दे दूं। हालांकि आपको सब कुछ मालूम है कि बिलासपुर का जो रेलवे जोन है, ये जो नये क्षेत्र आपने बताये हैं.....।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): जोगी जी मैं तो चाहती थी कि थोड़ा समय आप बचा जायेंगे तो मैं श्री नीलोत्पल बसु जी को कहूंगी कि आप बोलियेगा।

श्री अजीत जोगी: मैं आखिरी बिन्दु पर बोल रहा हूं बिलासपुर जैसे 58 डिविजन पूरे रेलवे में इसके पहले होते थे, नौ जोन होते थे अगर बिलासपुर डिविजन के बारे में आप अध्ययन करें तो आपको यह लगेगा कि बिलासपुर डिविजन के कुल रूट की लम्बाई 1127 किलोमीटर है और उसकी प्रति किलोमीटर आमदनी 76 लाख रुपये है जबकि भारतीय रेलवे की औसत आमदनी प्रति किलोमीटर 13 लाख रुपये थी, हम लोग 76 लाख रुपये प्रति किलोमीटर आमदनी आपको दे रहे थे और ये जो आमदनी है अन्य डिविजनों की आमदनी से 6 गुना ज्यादा है। बाकी 57-58 डिविजनों की आमदनी से ज्यादा होने के बावजूद इनमें केवल एस०ई० रेलवे और ईस्टर्न रेलवे को आप निकाल दें तो बाकी जोन्स की इनकम से हमारे डिवीजन की इनकम ज्यादा है। इतना ज्यादा इसका जस्टिफिकेशन है इसलिए बिलासपुर को आपको जोन बनाना चाहिए। लेकिन फिर भी न जाने किन कारणों से हम लोग इससे वंचित रह गए हैं। इस बारे में आपसे बार बार आग्रह किया गया है और मध्य प्रदेश के सारे सांसद, पार्टी प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर, हम सब सांसदों ने मिलकर आपसे तथा प्रधानमंत्री जी से अनुरोध किया है। अगर आप डिवीजन का परफारमेंस देखना चाहें तो 38 लाख मिलियन टन इसने लोडिंग का रिकार्ड स्थापित किया है जो प्रति रेलवे के कुल लोडिंग का 12 प्रतिशत है। यह पांच हजार वैगनों का लोडिंग प्रति दिन करता रहा है और 860 करोड़ रुपए की आमदनी रेलवे प्रशासन को दे रहा है। मुनाफे की दृष्टि से बिलासपुर मंडल 156 करोड़ का शुद्ध मुनाफा दे रहा है, जो आपके कुल मुनाफे का 20 प्रतिशत रहा है। बिलासपुर डिवीजन पूरा हक रखता है कि इसको आप एक जोन के रूप में स्वीकृत करें। आपने हम लोगों की बात को बड़े ध्यान से सुना है और हमें आशा है कि बाकी चीजें आप करें या न करें पर बिलासपुर जोन, जिसके साथ जन-भावनायें जुड़ गई हैं। जिस दिन से आपने नये जोन की घोषणा की है उस दिन से बिलासपुर में छात्र भूख-हड़ताल पर हैं। करीब सौ दिन हो गए हैं वे भूख-हड़ताल पर बैठे हुए हैं और पूरा जिला बंद रहा

है। बिलासपुर में आंदोलन भी हुआ है। मुझे खेद है कि इसमें रेलवे को बहुत बड़ी क्षति भी हुई है। यह आदिवासी इलाका है, पिछड़ा हुआ इलाका है, यह वंचित इलाका है, उपेक्षित इलाका है। आप स्वतः वहां कई बार जा चुके है। मैं आपसे कर-बद्ध निवेदन करता हूं कि आप और कुछ दें न दें, पर बिलासपुर जोन की स्वीकृति जरूर दे दें। आपने इतने नए जोन बनाए हैं तो एक और बना दें और मध्य प्रदेश को एक नया जोन दे दें। मध्य प्रदेश एक बड़ा स्टेट है वहां दो जोन उत्तर प्रदेश की तरह हो जायेंगे तो कोई आपत्ति नहीं होगी। कृपया इसकी स्वीकृति जरूर दें। इस आशा के साथ कि आप इस बात को जरूर स्वीकार करेंगे, मंजूर करेंगे, उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देकर, अपनी बात आपके आदेश के मुताबिक दो-तीन मिनट पहले ही समाप्त कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): सदन की अगर अनुमति हो तो मैं श्री नीलोत्पल बसु से कहूं कि वे रेलवे बजट पर अपने विचारों को सदन के सामने रखें।

प्रो॰ राम काप्से: आधा मिनट मुझे दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): पहले मुझे बतलाइए कि क्या आप 15-20 मिनट लेट बैठेंगे? हनुमनतप्पा जी आप अनुमति देंगे मुझे?

श्री ऐच॰ हनुमनतप्पा: जब तक आप बैठेंगी हम बैठेंगे।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): कुमार साहब, नीलोत्पल बसु बोल लें।

SHRI R. K. KUMAR: Whatever you decide.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Then, let Mr. Nilotpal Basu speak now. After he concludes, we can adjourn the House.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam we decided to adjourn the House by 7.00 p.m. I was sitting here because I hoped that enough time would be given to me.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I am worried about one thing. There should not be any kind of misunderstanding. I am prepared to sit. I thought Mr. Jogi would conclude by 6.30 p.m. or at the most by 6.45 p.m.

SHRI AJIT P. K. JOGI: Madam, I started at 6.45 p.m.

SHRI NILOTPAL BASU: Madam, my problem is that I requre about 20 minutes. If you could give me 20 minutes, I would be able to speak. Then it will be quite late.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): In that case, I would adjourn the House. Would you like to speak tomorrow?

SHRI NILOTPAL BASU: I can speak tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Okay, no proble

प्रो॰ राम काप्से: माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, अभी मंत्री महोदय ने महाराष्ट्र के बारे में जो कहा तो महाराष्ट्र में जो कहा गया है उस पर मुझे आनन्द है। लेकिन महाराष्ट्र में जो काम चल रहा है या नया शुरू हो रहा है इसके लिए बहुत ही कम धनराशि दी गई है। इसके बारे में मैं कहना चाहता हूं, मेरी बात 7 बजे खत्म हो जाएगी।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): काप्से साहब, सदन की यह परम्परा नहीं रही है। आप ही

डिबेट इनिशियेट करें और आप फिर उस पर बोलें। ....(**व्यवधान**).... इस सदन की परंपरा ऐसी नहीं है। आपने डिबेट इनिशियेट किया है और आपको जितना कहना था इतना आपने कहा। उसके बाद, आपका कहना, मुझे लगता है कि यह इस सदन की परम्परा के खिलाफ है।

7.00 P.M.

प्रो॰ राम कापसे: ....(**व्यवधान**).... परंपरा के खिलाफ नहीं है इतना ही मैं कहना चाहता हूं ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): यह ठीक है। कोई बात नहीं। आपने जो भी मुद्दे उठाए हैं उसका जवाब मंत्री जी ने सोमवार को आपको जरूर देना है। इसकी चिंता मत करिएगा ....(**व्यवधान**).... इन्हीं शब्दों के साथ ....(**व्यवधान**).... देखिए, जब नीलोत्पल बसु जी नहीं बोलना चाहते हैं तो मैं कैसे आपको एलाऊ करूं।

इन शब्दों के साथ, मैं सदन की कार्यवाही कल सुबह 11.00 बजे तक के लिए स्थगित करती हूं।

The House then adjourned at one minute past seven of the clock till eleven of the clock on Saturday, the 15th March, 1997.

141/MP/RSS/ND/98—300 Copies—January 99—MGITBPChdg.